(d) Detailed proposals are awaited.

(e) Does not arise.

Adverse Effect on Alloy Steel Plants Due to Fall in Rupee

1228. SHRI JIBON ROY: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the recent fall in the value of rupee in relation to dollar has adversely affected those Alloy Steel Plants which are dependent on imported raw materials;

(b) if so, the approximate amount of cost escalation per tonne of special steel in public and private sector plants; and

(c) in what manner the Ministry is contemplating to offset the incresed cost?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): (a) A fall in the value of rupee will lead to an increase in import costs, ceteris paribus. However, no representations in this regard have been received from Alloy Steel Plants so far.

(b) and (c) The extent of increase in cost per tonne of special steel would depend upon the extent of dependence on imports. As this Ministry has not received any representation in this matter, there is no proposal to offset the increased cost presently under the consideration of this Ministry.

शिक्षा प्रदान करने के लिए भाषा माध्यम का सर्वेक्षण

1229. **श्री सोमपाल:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कभी उन विभिन्न भाषा माध्यमों का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण कराया है, जिनके माध्यम से देश में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तर की शिक्षा प्रदान की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसा सर्वेक्षण किस विभाग अथवा एजेंसी द्वारा किस वर्ष में कराया गया था;

(घ) क्या सरकार इस प्रकार के आंकड़े प्रतिवर्ष एकत्र करती है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और क्या सरकार भविष्य में ऐसे आंकड़े एकत्र करना चाहेगी?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) में राज्य मंत्री (डा० कृपासिंधु भोई): (क) और (ख) जी, हां। भाषाओं इत्यादि के संबंध में विवरण राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा प्रकाशित सर्वेक्षण प्रतिवेदनों में उपलब्ध हैं।

(ग) शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के माध्यम से वर्ष 1973, 1986 और 1993 में अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण किए थे।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) सर्वेक्षण शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के माध्यम से आवधिक रूप में किए जाते हैं।

देश में पोलिटेक्निक कालेज

1230. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पोलिटेक्निक कालेजों की राज्य-वार संख्या क्या है;

(ख) इन कालेजों में प्रति वर्ष कितने छात्रों को दाखिला मिलता है;

(ग) इन कालेजों में प्रति वर्ष कितने छात्रों को डिप्लोमा मिला है; और

(घ) कितने डिप्लोमाधारी इस समय बेरोजगार हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग तथा संस्कृति विभाग) में राज्य मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) से (घ) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (अ०भा०त०शि०प०) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार फिलहाल इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी और फार्मेसी पाठ्यक्रमों हेतु 184700 प्रवेश क्षमता वाले 1379 अनुमोदित पोलिटेक्निक हैं। राज्यवार स्थिति विवरण के रूप में संलग्न है। **(नीचे देखिए)** वर्ष 1994-95 के दौरान डिप्लोमा प्राप्तकर्ताओं की संख्या 90734 थी। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा बेरोजगार डिप्लोमाधारियों के संबंध में सूचना नहीं रखी जाती है।